# भूमि पूजन समारोह की तैयारियां शुरू, 4000 मेहमान आएंगे

लखनऊ। प्रदेश को दस खरब डालर की अर्थव्यवस्था बनाने के लिए भूमि पूजन समारोह की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने निर्देश दिए हैं कि समारोह के लिए के लिए योजनाओं की लिस्टिंग व अन्य लंबित प्रक्रियाओं को जल्द पूरा कराया जाए। ऐसे में सभी औद्योगिक प्राधिकरण तैयार प्रोजेक्ट को लेकर अंतिम पड़ाव में प्रवेश कर चुके हैं।

उद्यमी मित्रों की सहायता से जिलों व शहरी विकास प्राधिकरणों की ओर से भी प्रोजेक्ट को अंतिम रूप दिया जा रहा है। समारोह के जरिए 15 लाख करोड़ से ज्यादा के प्रोजेक्ट एक वर्ष से भी कम समय में क्रियान्वित किए जाएंगे। इनवेस्ट यूपी ने भूमि पूजन समारोह के लिए इवेंट मैनेजमेंट एजेंसी के चयन के लिए ई टेंडर मांगे हैं। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में होने वाले तीन दिवसीय आयोजन में करीब 4000 मेहमान शामिल होंगे। ब्यूरो